हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 20 अगस्त 2026

06 इछावर-खेरी और हिम्मतपुरा-आर्या सड़क...



09 किसानों के हित में कांग्रेस ने भरी हुंकार कलेक्ट्रेट...



खबर संक्षेप

कांग्रेस कार्यकर्ता सफेद पोशाक में शामिल हों : राजीव गुजराती

सीहोर। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर गुरुवार को दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय बस स्टैंड पर एकत्रित होकर सभी कांग्रेस विंग के कार्यकर्ता सेवादल कांग्रेस की पोशाक में उपस्थित होकर सद्भावना रैली में शामिल होंगे। रैली जिला कांग्रेस कार्यालय बस स्टैंड से कोतवाली चौराहे तक निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सम्पूर्ण जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव गुजराती, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम यादव, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर द्वारा की गई है।

छात्रवृत्ति के लिए खोला गया एमपी टास्क और एनआईसी 2.0 पोर्टल

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन और आवास सहायता के लिए 15 अगस्त से 30 अगस्त तक एमपी टॉस्क एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल खोला गया है। नर्सिंग पाठ्यक्रम सहित अन्य सभी पाठ्यक्रमों के फिट पायी गयी संस्थाओं के ऐसे पात्र विद्यार्थी जो इन सत्रों की छात्रवृत्ति हेतु अभी तक आवेदन नहीं कर पाये हैं वे आवेदन कर सकते हैं।

पुलिस, पीटीएस और बिसबल के ठहरने के लिए भवन अधिग्रहित

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा 25 अगस्त को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में बाहर से आने वाले पुलिस, पीटीएस एवं बिसबल के जवानों के ठहरने की व्यवस्था के लिए भवन अधिग्रहण आदेश जारी किया गया है। यह अधिग्रहण 22 अगस्त से 26 अगस्त तक की अवधि के लिए किया गया है। जारी आदेश के अनुसार सीहोर स्थित शासकीय कन्या छात्रावास पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय का छात्रावास तथा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के भवन को अधिग्रहित किया गया है। इसी प्रकार आष्टा के अमलाहा स्थित मंथन आईटीआई के भवन को भी पुलिस बल के ठहरने के लिए अधिग्रहित किया गया है।

इछावर के वार्ड 12 में पानी के गड्ढे में डूबने से तीन की मौत, इनमें दो सगे भाई शामिल

जानलेवा साबित हो रहे खुले गड्ढे, प्रशासन मौन जिले में 45 दिनों में 6 मासूम गंवा चुके हैं जान

पीड़ित पिता शवों से लिपटकर बोला - एक बेटा तो बच जाता, दोनों के जाने से घर का चिराग ही बुझ गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





जिले भर में निजी स्वार्थ, निर्माण कार्यों और अवैध खनन के लिए खोदे गए गड्ढे अब मासूम बच्चों के लिए 'मौत के कुएं' साबित हो रहे हैं। गिट्टी और मुरम निकालने के बाद इन गड्ढों को बिना किसी सुरक्षा घेरे के खुला छोड़ दिया जाता है। बारिश का पानी भरते ही ये जानलेवा बन जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नतीजा यह है कि बीते डेढ़ महीने में ही जिले के इछावर और आष्टा क्षेत्र में डूबने से 6 मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है।


बुधवार को इछावर के मोगरा रोड पर हादसा हुआ। वार्ड नंबर 12 से करीब एक किलोमीटर दूर निजी जमीन खेत में खोदे गए पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चे प्रशांत 12 वर्ष, उसके छोटे भाई पृथ्वीराज 10 वर्ष और दोस्त दीक्षांत 11 वर्ष की मौत हो गई। प्रशांत और पृथ्वीराज, सुभाष बागरी के बेटे थे, जबकि दीक्षांत, अखिलेश बागरी का बेटा था। तीनों बच्चे खेलते-खेलते गड्ढे के पास पहुंचे और नहाने उतरे, लेकिन गहराई ज्यादा होने से एक-एक कर समा गए।

खेत में खोदा गड्ढा और खुला छोड़ दिया

बताया जा रहा है कि किसान की निजी जमीन (खेत) में यह गड्ढा खोदा गया था, मुरम निकाली गई, बाद में उसे खुला छोड़ दिया। यह गड्ढा बारिश के पानी से लबालब हो गया। इसी गड्ढे में इछावर नगर के वार्ड क्रमांक 12 के निवासी तीन बच्चे यहां पहुंचे और डूबने की वजह से तीनों की जान चली गई।



पृथ्वीराज, मृतक



प्रशांत, मृतक



दीक्षांत, मृतक

स्कूल में बैग रखकर निकले थे बच्चे

बताया जा रहा है कि तीनों मासूम बच्चे हादसे के वक्त अपने स्कूल गए हुए थे। वे स्कूल परिसर में ही अपना स्कूली बैग छोड़कर बाहर निकले और गड्ढे पर पहुंच गए, जहां यह हादसा घटित हो गया।

4 जुलाई को बागेर खदान में दो मासूमों ने तोड़ा था दम

आष्टा क्षेत्र के ही ग्राम बापचा दोनिया निवासी दो 12 वर्षीय दोस्त समर पुत्र जितेंद्र और समर पुत्र संतोष 4 जुलाई को ग्राम बागेर स्थित मुरम खदान में नहाने गए थे। पानी की गहराई का सही अंदाजा न होने के कारण दोनों बच्चे डूब गए। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया था।

एक महीने पहले आष्टा में डूबा था 8 साल का दीपू

इसी तरह 18 जुलाई को आष्टा के मंडली पठार पर पुरानी मुरम खदान में भरे पानी में डूबने से 8 वर्षीय दीपू की मौत हो गई थी। दीपू अपने तीन दोस्तों के साथ चादर से बनी अस्थायी नाव पर बैठकर मछली पकड़ रहा था, तभी नाव पलट गई। तीन बच्चे तो तैरकर निकल आए, लेकिन वेयरहाउस मजदूर मुकेश कोरकू का बेटा दीपू गहरे पानी में डूब गया। गोताखोरों की मदद से उसका शव बाहर निकाला गया था।

लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

एक के बाद एक हो रहे इन हादसों से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार, निर्माण एजेंसियां या कोई भी आम खनन करने वाले लोग अपना काम निकालने के बाद गड्ढों को वैसे ही छोड़ देते हैं। जिम्मेदार विभाग इन खुले गड्ढों और खदानों की न तो सुध लेते हैं और न ही दोषी एजेंसियों पर कार्रवाई करते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी पुरानी खदानों और खतरनाक गड्ढों के चारों ओर तार फेंसिंग, बाउंड्री वॉल और चेतावनी बोर्ड लगवाए जाएं ताकि भविष्य में मासूमों को अपनी जान न गंवानी पड़े।

जिला जेल में एसडीईआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन और जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण



सीहोर। सीहोर जिला जेल में एसडीईआरएफ की टीम द्वारा जेल स्टॉफ एवं बंदियों को आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य तथा जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान आपदा की स्थिति में सुरक्षित बचाव, राहत कार्य और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सीपीआर सहित प्राथमिक जीवन रक्षक उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। एसडीईआरएफ के प्रशिक्षकों ने आपदा अथवा किसी आकस्मिक घटना के दौरान धैर्य बनाए रखते हुए त्वरित एवं प्रभावी ढंग से बचाव कार्य करने के तरीकों से जेल स्टॉफ एवं बंदियों को अवगत कराया। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

जिला अस्पताल में महिला आरक्षक से मारपीट, पति-पत्नी ने घेरकर पीटा, भीड़ में लाइन को लेकर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला अस्पताल परिसर में बुधवार दोपहर एक महिला आरक्षक के साथ पति-पत्नी ने मारपीट कर दी। महिला आरक्षक को अस्पताल के अंदर ही घेरकर पीटा गया। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है।

पति-पत्नी ने विवाद के बाद हाथापाई की

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ थी। इसी दौरान आरोपी पति-पत्नी ने कोतवाली थाने में पदस्थ महिला आरक्षक से विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ने उसके साथ हाथापाई और मारपीट की। घटना में महिला आरक्षक घायल हो गईं। मारपीट के बाद महिला आरक्षक को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना की पूरी जानकारी सामने आ सके। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है। कार्रवाई जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर की जाएगी। घटना के पीछे की वजह भी पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगी।

रुक-रुककर बारिश का दौर जारी, 24 घंटे में 0.07 इंच वर्षा मानसून सीजन में 26.99 इंच

अगले 48 घंटे बारिश के आसार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून की गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। भू-अभिलेख विभाग के 19 अगस्त को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में जिले में औसतन 0.07 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही 1 जून से अब तक जिले की औसत वर्षा 26.99 इंच पहुंच गई है।

चार क्षेत्रों में हुई बारिश

पिछले 24 घंटे में सीहोर में 0.15 इंच, श्यामपुर में 0.07 इंच, इछावर में 0.19 इंच और रेहटी में 0.17 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं आष्टा, जावर, भैरूंदा और बुधनी में इस अवधि में बारिश नहीं हुई।

रेहटी और सीहोर में सबसे ज्यादा बारिश

1 जून से अब तक सीहोर में 32.84 इंच बारिश हो चुकी है। रेहटी में 30.33 इंच, भैरूंदा में 27.12 इंच, बुधनी में 26.75 इंच, आष्टा में 26.18 इंच, इछावर में 26.02 इंच, श्यामपुर में 25.29 इंच और जावर में 21.45 इंच बारिश दर्ज की गई है।

गत वर्ष इसी अवधि तक जिले में औसतन 28.59 इंच बारिश दर्ज हुई थी। इस लिहाज से इस साल की औसत बारिश अभी पिछले वर्ष के आंकड़े से कम है।

अगले 48 घंटे बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र और मध्य भारत से होकर गुजर रही मानसूनी ट्रफ लाइन सक्रिय है। इसके प्रभाव से क्षेत्र में नमी बनी हुई है।

अगले 48 घंटे के दौरान जिले में बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं।

कांग्रेस पीड़ितों के हक के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ेगी लड़ाई

कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा, मुआवजा और राहत पैकेज देने की मांग, रास्ते-पुल और बिजली व्यवस्था सुधारने को भी कहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुआवजा और राहत दिलाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने पदयात्रा निकाली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बाढ़ पीड़ितों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की।

अहमदपुर से शुरू हुई पदयात्रा

पदयात्रा अहमदपुर से शुरू होकर वानखेड़ा और चरनाल होते हुए श्यामपुर की ओर निकली। रास्ते में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने पदयात्रा का स्वागत किया और कांग्रेस नेताओं को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने मुआवजा और क्षतिग्रस्त सुविधाओं की मरम्मत की मांग रखी।

मुआवजे और राहत पैकेज की मांग : जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को अब तक उचित मुआवजा और न्याय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ितों के हक के लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्रत्येक बाढ़ प्रभावित परिवार के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की मांग की। साथ ही नुकसान का निष्पक्ष और पारदर्शी सर्वे कराकर पूरा मुआवजा देने की मांग की गई।

सड़क, पुल और बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग

ज्ञापन में बाढ़ से क्षतिग्रस्त रास्तों, पुल-पुलियाओं और बिजली व्यवस्था की तत्काल मरम्मत कराने की मांग भी रखी गई। प्रभावित परिवारों को तत्काल खाद्यान्न और आवश्यक सहायता सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की गई।

मांग पूरी होने तक आंदोलन की चेतावनी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अहमदपुर, देवीपुरा, श्यामपुर, दोराहा और सीहोर के आयोजकों ने कहा कि जब तक बाढ़ पीड़ितों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता, आंदोलन जारी रहेगा। पदयात्रा में जिलेभर के कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में बाढ़ प्रभावित ग्रामीण शामिल हुए।

जिले में प्रतिबंधित किया गया अमानक कीटनाशक

सीहोर। कृषि विभाग द्वारा Emamectin Benzoate 5% SG कीटनाशक का नमूना अमानक पाए जाने पर इस कीटनाशक के क्रय विक्रय को जिले में प्रतिबंधित कर दिया गया है। कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि यह कीटनाशक स्टर्लिंग एग्रीकेम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और इफको एमसी क्रॉप साईंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बनाया जाता है।

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम सिद्दीकगंज स्थित मेसर्स उमिया कृषि सेवा केंद्र और इछावर स्थित इफको ई बाजार लिमिटेड की दुकान से इस कीटनाशक के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए थे, जहां इसके नमूने अमानक पाए गए। कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा इस कीटनाशक के क्रय विक्रय पर जिले में प्रतिबंध लगा दिया गया है।

खबर संक्षेप



सीहोर रेड ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में मंगलवार की शाम को दो मैच खेले गए। इसमें पहला मैच सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य कांटे का मुकाबला खेला गया। इस मैच में सीहोर रेड की टीम ने सीहोर ग्रीन को 1-0 से हराया। दूसरा मैच सीहोर क्लब और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर बाइज की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। इस दौरान विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहल मुकाबला सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इस मैच में सीहोर रेड की ओर से स्ट्राइकर दिव्यांश ने मैच के अंतिम समय में गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर बाइज की टीम ने सीहोर क्लब को 2-0 से हराया। सीहोर बाइज की ओर से युवराज ने 2 गोल किए।

किसानों के नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

सीहोर। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव बौद्ध के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि अति वृष्टि के कारण सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर, बनखेड़ा, चरनाल, मानपुरा, हीरापुर सहित अन्य ग्रामीण किसानों के मकानों में पानी घुस गया इससे ग्रामीणों के घरों में रखा गेहूं कपड़े सहित जरूरत का सामान गीला होकर खराब हो गया। जिससे प्रभावित परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों कि स्थिति का जायजा लेने के लिए दिनांक 13 अगस्त 2026 को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी एडवोकेट कमलेश कुमार, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर एवं पार्टी के पदाधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी के द्वारा जो सर्वे किया वह सही ढंग से नहीं किया गया। पटवारी द्वारा पंचायत भवन में बैठकर सर्वे किया गया और परेशान ग्रामीणजनों से अपने दस्तावेज पंचायत भवन में ही लाकर दिये जाने का कहा जाता है। मांग की गई है कि पटवारी पुनः जमीनी स्तर पर सर्वे कराया जावे एवं ग्रामीणो की समस्याओ का शीघ्र निराकरण कराया जावे। इस अवसर पर कमलेश अहिरवार, अलकेश सूर्यवंशी, संदीप अहिरवार, धर्मेन्द्र कचनेरिया, जगदीश पैठारी, थानसिंह अहिरवार, वीरू जाटव, शिवराम मालवीय आदि उपस्थित रहे।

गड्ढों में तब्दील हुई प्रधानमंत्री सड़कें, पैदल चलना भी हो गया दूभर

इछावर-खेरी और हिम्मतपुरा-आर्या सड़क की हालत सबसे बदहाल हो रही

इस समस्या के संबंध में प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक किसी ने भी सड़क मरम्मत कराने की सुध नहीं ली है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



विकासखण्ड मुख्यालय से गांवों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों की हालत इस समय काफी खराब है। सड़कों की बद्हाल स्थित के कारण ग्राहकों को आवागमन में की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इछावर - खेरी और हिम्मतपुरा से आर्या सड़कें तो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है।सड़क में जगह - जगह गहरे गड्ढे होने के साथ ही इनमें गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं। इसके चलते वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़कों की बद्हाल स्थित के कारण इन पर पैदल चलना भी दुभर हो रहा है। इस समस्या के संबंध में प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक किसी ने भी सड़क मरम्मत कराने की सुध नहीं ली है। करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों को मुख्यालय से जोड़ने वाली 10 किमी लंबाई की इछावर - खेरी सड़क पिछले लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे आवागमन में लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूल व अस्पताल आने - जाने में हो रही है परेशानी

गांव खेरी के अहमद खा, महेंद्र वर्मा, मोहित वर्मा, महेंद्र राठौर, रामबाबू वर्मा आदि ग्रामीणों ने बताया कि करीब 10 किमी लंबाई की सड़क में सैकड़ों गड्ढे हैं , मसलन पूरी सड़क ही गड्ढों में तब्दील हो गई है। इसके चलते वाहन चालको को आए दिन हादसे का शिकार होना पड़ रहा है। हालात यह है कि खेरी सहित आसपास



के आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को मुख्यालय सहित थाना , तहसील, जनपद कार्यालय आने - जाने में खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी छात्र-छात्राओं को भी स्कूल व कालेज आने - जाने में काफी मुश्किलें उठाना पड़ रही है। स्थिति यह है कि अधिकांश विद्यार्थियों ने तो स्कूल व कॉलेज जाना फिलहाल बंद कर दिया है।

हिम्मतपुरा से आर्या सड़क भी जर्जर

करीब 5 किमी लंबी हिम्मतपुरा से आर्या सड़क की हालत भी बद् से बद्तर बनी हुई है। इसमें जगह - जगह डामर निकलने से सड़क उबड़-खाबड़ हो गई है। गिट्टियां बिखरी होने से दो पहिया वाहन चालक फिसलकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क मरम्मत की मांग प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से कई की जा चुकी है। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

जल्दी कराई जाएगी सड़क की मरमत

संबंधित विभाग के अधिकारी से बात कर जल्दी रोड़ की मरम्मत कराई जाएगी।

स्वाती मिश्रा, एसडीएम इछावर

स्वच्छता और विकास को लेकर नगर परिषद की टीम ने किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, पार्षदों, सीएमओ एवं नगर परिषद की पूरी टीम ने बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 14 सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था और निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि भैरूंदा निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। नागरिकों के सहयोग और नगर परिषद की टीम के प्रयासों से नगर पूर्व में स्वच्छता की श्रेणी में जोन स्तर पर छठवें स्थान पर रहा है। अब नगर को इससे भी बेहतर स्थान दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि नगर के नागरिक और नगर परिषद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छता के साथ नगर का सर्वांगीण विकास संभव है।

उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना एवं उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना ने वार्ड क्रमांक 14 में सफाई व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर परिषद स्तर पर बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इसके अगले दिन नगर परिषद की पूरी टीम ने क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, महेंद्र जाट गोलू, गौरव शर्मा, अशफाक खान, नितेश पैठारी एवं एल्डरमैन ऋषभ जैन सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

सलकनपुर विवाद में नई परतें : नकद भुगतान से शुरू हुआ विवाद या व्यवस्था की खामी, ऑनलाइन सुविधा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



सलकनपुर देवी धाम में श्रद्धालुओं से मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ की घटना के बाद मामला अब केवल पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं रहा। 20 रुपये शुल्क वसूली, पार्किंग व्यवस्था, नकद भुगतान की अनिवार्यता और मंदिर समिति के कर्मचारियों की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, समिति ने दिया स्पष्टीकरण : घटना के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को मंदिर गेट के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और मंदिर ट्रस्ट समिति को भंग करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समिति की कार्यप्रणाली की जांच कराने की मांग की।

वहीं मंदिर समिति ने पत्र जारी कर कहा कि विवाद में शामिल लोग समिति या अध्यक्ष से जुड़े स्थायी कर्मचारी नहीं हैं, बल्कि दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले मजदूर हैं। समिति के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचना दी गई और संबंधित मजदूरों को काम से हटा दिया गया। इस स्पष्टीकरण के बाद नया सवाल यह उठा है कि यदि ये मजदूर मंदिर की व्यवस्था और श्रद्धालुओं से जुड़े कार्यों में लगे थे तो उनकी जवाबदेही किसकी थी।

20 रुपए की रसीद बनी विवाद की जड़

जानकारी के अनुसार देवास जिले से आए श्रद्धालुओं से वाहन प्रवेश के दौरान 20 रुपये की राशि मांगी गई थी। इसी भुगतान को लेकर विवाद हुआ और बाद में मारपीट तथा इनोवा कार में तोड़फोड़ का आरोप लगा। इससे सबसे बड़ा सवाल यह सामने आया है कि यदि किसी श्रद्धालु के पास नकद राशि नहीं है तो क्या उसके लिए मंदिर परिसर में यूपीआई या अन्य डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। यदि नहीं है तो डिजिटल दौर में ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं बनाई गई। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि 20 रुपये का शुल्क अनिवार्य है तो नकद के साथ ऑनलाइन भुगतान का विकल्प भी दिया जाना चाहिए ताकि विवाद की स्थिति ही न बने।

किस सुविधा के लिए लिया जा रहा शुल्क

वसूली के उद्देश्य को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसे सड़क निर्माण अथवा रखरखाव के नाम पर लिया जाना बताया जाता है तो दूसरी ओर इसे पार्किंग शुल्क भी कहा जाता है। यदि यह सड़क शुल्क है तो इसकी जानकारी श्रद्धालुओं को दी जानी चाहिए। यदि पार्किंग शुल्क है तो इसके बदले व्यवस्थित पार्किंग स्थल, कर्मचारी और सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। श्रद्धालुओं की शिकायत है कि ऊपर पहुंचने के बाद कई बार निजी दुकानदार अपनी दुकानों के पास वाहन खड़ा करवाकर खरीदारी के लिए दबाव बनाते हैं।

दैनिक वेतन कर्मचारियों की जवाबदेही पर सवाल : समिति ने विवाद में शामिल लोगों को दैनिक वेतन पर काम करने वाला बताया है। लेकिन सवाल यह है कि उनकी नियुक्ति किसने की, शुल्क वसूलने का अधिकार किसने दिया और काम की निगरानी कौन करता था। यदि विवाद की स्थिति बनती है तो जवाबदेही किसकी तय होगी। मामला अब केवल दो पक्षों के विवाद का नहीं रह गया है बल्कि प्रमुख धार्मिक स्थल की व्यवस्थाओं से जुड़ गया है।

जांच के बाद होगी जिम्मेदारी तय

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में यह स्पष्ट होगा कि विवाद की शुरुआत किस बात से हुई, मारपीट और तोड़फोड़ में कौन शामिल थे तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात व्यवस्था की क्या भूमिका थी। सलकनपुर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में स्पष्ट नियम, पारदर्शी शुल्क व्यवस्था, डिजिटल भुगतान की सुविधा, व्यवस्थित पार्किंग और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था होना आवश्यक है।

रामचरितमानस ने भक्ति को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया



सीहोर। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस के रूप में समस्त रामभक्तों को ऐसा अनुपम ग्रंथ प्रदान किया, जिसके माध्यम से भगवान श्रीराम की भक्ति, आदर्श और जीवन मूल्यों का प्रचार-प्रसार युगों-युगों तक होता रहेगा। रामचरितमानस ने न केवल भक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया, बल्कि हिंदी साहित्य को भी समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उक्त विचार संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बुधवार शाम सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में आयोजित दो दिवसीय गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को केंद्र के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य लोगों ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ भेंट किए। कार्यक्रम में वृद्धजनों ने भजन-कीर्तन एवं धार्मिक चर्चा में भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी का सबसे महत्वपूर्ण योगदान श्रीरामचरितमानस है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों और शिक्षाओं को सरल एवं सहज भाषा में जनसामान्य के सामने प्रस्तुत किया। यही कारण है कि रामचरितमानस आज भी घर-घर में श्रद्धा और आस्था के साथ पढ़ी और सुनी जाती है। भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग, सेवा और कर्तव्य का संदेश देता है। तुलसीदास जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से इन आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया। आश्रम निवासी रामचरण गुप्ता ने बताया कि वे लंबे समय से वृद्धाश्रम में निवास कर रहे हैं। यहां दो दर्जन से अधिक वृद्धजन नियमित रूप से सुबह और शाम भजन-कीर्तन करते हैं। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से आश्रम में सकारात्मक और भक्तिमय वातावरण बना रहता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कहा कि वृद्धजनों को धार्मिक एवं आध्यात्मिक साहित्य उपलब्ध कराने का उद्देश्य उन्हें भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़े रखना है। दो दिवसीय जयंती समारोह के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

ऊंचाखेड़ा के जंगल में वन विभाग की दबिश, सागौन से लदा ट्रैक्टर जब्त

बुधनी। वन परिक्षेत्र बुधनी के अंतर्गत ग्राम ऊंचाखेड़ा के जंगल में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध सागौन की लकड़ी से लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान वन अमले को देखकर लकड़ी तस्कर मौके से ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए।



जानकारी के अनुसार ऊंचाखेड़ा के जंगल में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई कर लकड़ी को ट्रैक्टर के माध्यम से जंगल से बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी टीम को आता देख तस्कर ट्रैक्टर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। वन अमले ने मौके से ट्रैक्टर सहित 11 नग सागौन की लकड़ी बरामद की जब्त ट्रैक्टर को वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया है, जबकि बरामद सागौन की लकड़ी को लकड़ी डिपो में सुरक्षित रखवाया गया है। वन विभाग के अनुसार बरामद सागौन की लकड़ी की मात्रा करीब 0.483 घन मीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 18 हजार रुपए बताई गई है। वहीं जब्त ट्रैक्टर की कीमत का आंकलन किया जा रहा है। वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है साथ ही फरार आरोपियों की पहचान और तलाश की जा रही है।

बालिकाओं ने अपनी तालबद्ध नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया

सरस्वती कथक डांस कला केंद्र की बालिकाओं ने जीता द्वितीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में झंडा वंदन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

सरस्वती कथक डांस कला केंद्र की संचालिका डॉ. रूपाली सोनी के मार्गदर्शन में चयनित बालिकाओं ने राजस्थानी समूह नृत्य घूमर रंगीलो राजस्थान प्रस्तुत किया। 6 से 16 वर्ष की बालिकाओं ने अपनी तालबद्ध नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया और समूह नृत्य श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर के करकमलों द्वारा संस्था की डायरेक्टर डॉ. रूपाली सोनी एवं नवीन सोनी सहित सभी बच्चों को द्वितीय पुरस्कार की शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरु, एसपी सोनाक्षी सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। संस्था ने लगातार पिछले 7 वर्षों से शासन स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त कर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। शासन द्वारा बच्चों को पेड़े-मिठाई भी वितरित की गई। संस्था की इस प्रस्तुति की उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी महोदया, आवासीय खेलकूद संस्था के प्राचार्य आलोक शर्मा, अरुणा राय, माधव यादव, डॉ. प्रदीप चौहान, प्रदीप नागिया, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी, पंकज झंवर, समाज महिला नगर अध्यक्ष संगीता राठी, सत्यभामा मंत्री, रजनी बाहेती, प्रतिभा झंवर, शोभा चांडक, कांता गट्टानी, कांता भट्टर, सुधा झंवर, डॉ. सुरेश झंवर, कमल झंवर, मनोज झंवर, मांगीलाल ठाकुर, विक्रम मिश्रा, योगेश उपाध्याय सहित सभी पत्रकार, मीडिया साथी एवं नगरजनों ने संस्था को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। डॉ. रूपाली सोनी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य बच्चों को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सीहोर की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना है तथा हमारी संस्कृति, हमारी विरासत के जयघोष के साथ सीहोर का नाम रोशन करना है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नमो उपवन में किया गया पौधरोपण

बुधनी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के तहत गठित नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नमो उपवन माता मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों एवं नवांकुर संस्था के पदाधिकारियों ने पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।



पौधरोपण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक इंदर निकुम, नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष पंकज जाट, नवांकुर संस्था गुरुग्राम विकास समिति ग्वांडिया के सचिव चैन सिंह कीर, गोविंद प्रसाद एवं रमेश कटारे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृशक्ति के सम्मान का संदेश भी देता है। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर की गई थी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना और पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

सबूतों व गवाहों के आधार पर राजगढ़ न्यायालय ने सुनाया फैसला

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मिली उम्रकैद की सजा, एक आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। करीब 6 साल तक कोर्ट में चले प्रकरण उपरान्त तमाम सबूतों एवं गवाहों की बिनाह पर न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है जिस पर ट्रायल इन एबसेंटिया के तहत कार्यवाही करते हुए दंडित करवाया जाएगा।

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 20 फरवरी 2020 को पीड़िता की मां ने नरसिंहगढ़ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उनकी बेटी को रवि नाम का युवक भगाकर ले गया है। अक्टूबर माह में पीड़िता ने चुपके से अपने पिता को फोन कर बताया कि अभियुक्त दिनेश उसे जबरन अपने साथ रखे हुए है और वह गुजरात के नैनपुर गांव में है। बाद में पीड़िता के पिता और पुलिस टीम नैनपुर पहुंची और खेड़ा(गुजरात) स्थित मेहमदाबाद क्षेत्र के नैनपुर गांव से पीड़िता को दस्तयाब कर लिया। जब नरसिंहगढ़ में पीड़िता से पूछताछ में उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाले रवि ने बोला था कि वह उससे शादी करना चाहता है, यदि वह शादी नहीं करगी तो वह प्राण त्याग देगा। इसके बाद पीड़िता घर से बिना बताए रवि के साथ गांधीधाम, गुजरात चली गई। यहां रवि ने पीड़िता के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए।



लॉकडाउन के कारण छूटा आरोपी का काम

पीड़िता, अभियुक्त रवि के साथ 3 माह तक रही किंतु तभी लॉकडाउन के कारण कंपनी बंद हो गई और वो पीड़िता के साथ अहमदाबाद आया। बाद में दोनों ने वापस नरसिंहगढ़ आने का निर्णय लिया। दोनों सड़क के किनारे खड़े होकर ट्रक को रोकने के लिए हाथ देना प्रारंभ कर दिया। वहीं, पर अभियुक्त दिनेश राजपूत की मुलाकात इनसे हुई जिसने काम दिलवाने का झांसा दिया। रवि, दिनेश की बातों में आ गया और गोधरा (गुजरात) में बस स्टेण्ड के पास एक मंदिर में अभियोक्त्री को अभियुक्त रवि ने बैठा दिया और अभियुक्त दिनेश के साथ कमरा देखने के लिए चला गया किंतु रवि उस मंदिर में वापस नहीं आया।

दूसरे आरोपी ने भी झांसे में लेकर किया दुष्कर्म

अभियुक्त दिनेश सिसोदिया ने उस मंदिर में आकर अभियोक्त्री से कहा कि रवि तुझे छोड़कर चला गया है। इसके बाद अभियोक्त्री को अभियुक्त दिनेश गोधरा (गुजरात) से अपने साथ नैनपुर ले गया और जबरदस्ती अपनी पत्नी बनाकर 5 महीने तक रखे रहा। एक दिन अभियोक्त्री को अवसर मिला तो उसने अपने पिता को नैनपुर में होने की बात बताई। बाद में पीड़िता द्वारा किसी तरह जब नरसिंहगढ़ फोन लगाया गया तब पूरे मामले का खुलासा हुआ। यहां नरसिंहगढ़ थाने में धाराओं सहित आरोपी दिनेश का नाम एफआईआर में बढ़ाया गया। इसी मामले में रवि जहां फिलहाल फरार है वहीं न्यायालय ने गिरफ्तार आरोपी दिनेश सिसोदिया को 23 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। फरार आरोपी रवि के फरार होने से उस पर ट्रायल इन एबसेन्टिया के तहत कार्यवाही की जाकर दंडित किया जाएगा।

किसानों के हित में कांग्रेस ने भरी हुंकार कलेक्ट्रेट के पास धरना देकर सौंपा ज्ञापन

पार्वती परियोजना भूअर्जन की विसंगतियों को खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



क्षेत्र की पार्वती परियोजना के भू-अर्जन मामलों में कई तरह की विसंगतियों के आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट के समीप धरना प्रदर्शन किया गया। किसानों की समस्याओं और उनके हितों के लिए दिए गए इस धरने में जिला पदाधिकारी शामिल हुए। बाद में मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सुठालिया सिंचाई परियोजना के कारण राजगढ़ एवं गुना जिले के विभिन्न ग्रामों के किसान प्रभावित हो रहे हैं।

परियोजना के कारण कृषि भूमि, मकान, कुएं, ट्यूबवेल, पेड़-पौधे, सिंचाई पाइपलाइन सहित अन्य परिसंपत्तियां प्रभावित हुई हैं। इसके चलते अनेक परिवारों के सामने उचित मुआवजा एवं पुनर्वास का गंभीर प्रश्न खड़ा है। मांग रखी गई कि सभी पात्र प्रभावित किसानों को चार गुना मुआवजा प्रदान किया जाए। इसके साथ ही परिवार आईडी एवं विस्थापन संबंधी लंबित लाभ पात्र परिवारों को प्रदान किए जाएं।

ज्ञापन में यह भी रखी गई मांगे

जिला कांग्रेस के ज्ञापन में मांगे रखी गई कि कुएं, ट्यूबवेल, पेड़-पौधे, फलदार वृक्ष, सिंचाई पाइपलाइन एवं अन्य परिसंपत्तियों के लंबित मुआवजे का शीघ्र भुगतान किया जाए। राजगढ़ जिले में ग्राम टोड़ी, निवारा एवं गुर्जरखेड़ी के हितग्राहियों को मकानों की लंबित मुआवजा राशि का भुगतान शीघ्र किया जाए। परियोजना के अंतर्गत ग्राम टोड़ी के 24 मकानों एवं ग्राम गुर्जरखेड़ी के 03 मकानों को पूर्णतः प्रभावित मानते हुए उनका पुनः परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार शीघ्र मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे शासन से रखी गई हैं।

सारंगपुर से जल लेकर खुजनेर पहुंची कांवड़ यात्रा, प्राचीन शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

श्रावण मास के पावन अवसर पर सोमवार को नगर खुजनेर पूरी तरह शिवमय हो गया प्राचीन शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में 12वें वर्ष भी परंपरागत कावड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई समिति के अनुसार श्रद्धालु नगर खुजनेर से सारंगपुर स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे वहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद कपिलेश्वर महादेव मंदिर से कावड़ में पवित्र जल भरकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के संकल्प के साथ कावड़िए पैदल खुजनेर के लिए रवाना हुए। कंधों पर कावड़ लेकर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाते हुए कावड़िए नगर की ओर बढ़े रास्ते भर भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने शिव भक्ति के गीत गाए नगर में प्रवेश पर कावड़ यात्रा के साथ भगवान शिव की आकर्षक झांकी भी निकाली गई नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया कावड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई प्राचीन शिव मंदिर पहुंची जहां कावड़ियों ने कावड़ में लाए गए पवित्र जल से प्राचीन शिवलिंग का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई श्रद्धालुओं ने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की प्राचीन शिव मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से लगातार इस कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है

शिव मंदिरों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

नगर में स्थित शिव मंदिरों पर सावन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे नगर के शिमला बस स्टैंड स्थित नीलकंटेश्वर महादेव प्राचीन शिव मंदिर राजगढ़ बायपास स्थित शिव मंदिर सांवलिया सेठ मंदिर स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों पर भोलेबाबा का आकर्षक श्रृंगार महाआरती का आयोजन किया गया है

डाक कांवड़ यात्रा ने नरसिंहगढ़ छोटे महादेव से 100 किमी पैदल चलकर छांपी बांध पर किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर में पहली बार श्री हटीले हनुमान गो रक्षा दल के तत्वावधान में 'डाक कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। गो रक्षा दल जीरापुर के सदस्य नरसिंहगढ़ स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक छोटे महादेव मंदिर पहुंचे। वहां से जल भरकर डाक कावड़ यात्रा की शुरुआत की गई। कांवड़िए लगभग 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल तय कर जीरापुर नगर स्थित शिवशंकर महादेव ताल मंदिर, छांपी बांध पहुंचे।

नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

इस दौरान कांवड़ियों ने नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया। भक्त हर हर महादेव और जय श्री राम जय गो माता के जयकारों के साथ चल रहे थे। अंत में छांपी बांध पर पहुंचकर भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया। डाक कांवड़ यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और गो माता की सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा।

संगठनात्मक विस्तार और समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया

दांगी-डांगी क्षत्रिय महासंघ भारत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



दांगी-डांगी क्षत्रिय महासंघ भारत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन मण्डफिया दरबार रिसोर्ट श्री सांवलिया मंदिर राजस्थान में आयोजित हुआ । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर द्वारा की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि माधवसिंह दांगी पूर्व चेयरमेन फार्म एवं बीज विकास निगम भोपाल, शिरोमणी सिंह दांगी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, डां. हीरालाल मोर्य उपाध्यक्ष, पुष्करलाल दांगी विधायक मावली, उदयपुर, राजस्थान, सुनीता दांगी महिला विकास निगम चेयरमेन हरियाणा, डां. रामप्रसाद दांगी पूर्व विधायक खिलचीपुर, रामचन्द्र दांगी पूर्व विधायक , दलीचन्द दांगी पूर्व विधायक मावली उदयपुर , विशिष्ट अतिथि गुलाबसिंह दांगी प्रदेश अध्यक्ष उत्तरप्रदेश, मेघराज दांगी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, तोरणसिंह दांगी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश, अशोक दांगी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवक संघ भारत, ओम दांगी , देवेन्द्रसिंह दांगी , पंकज पटेल , बालचन्द दांगी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष म.प्र., रवि दांगी अध्यक्ष युवक संघ म.प्र, भागचन्द दांगी झालावाड के सानिध्य में सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की जानकारी देते हुए महासंघ के राष्ट्रीय सचिव हुकुमचंद राठौर ने बताया की बैठक के दौरान संगठनात्मक विस्तार ओर समाज हित से जुडे विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर सर्वानुमति से प्रस्ताव पारित किए। जिनमें महत्वपूर्ण रूप से महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेतु श्रीमति सुनीता दांगी महिला विकास निगम चेयरमेन हरियाणा को नियुक्ति प्रदान की गई। तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी बैठक अलग-अलग प्रान्तों में करने का निर्णय लिया गया।

पटवारी संघ की राजगढ़ तहसील कार्यकारिणी का गठन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजस्व विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले पटवारियों की एक अहम बैठक मंगलवार को खोयरी महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक के दौरान संगठन के आगामी क्रियाकलापों की रूपरेखा तैयार करते हुए राजगढ़ तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गठित इस कार्यकारिणी में मोहन सिंह उमठ को अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही भंवरलाल चैहान को सचिव की जिम्मेदारी सौंपते हुए अंकित खरे को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इसी तरह सुमित मेवाड़े कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। बैठक के दौरान गठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे पटवारियों के हितों एवं एकजुटता के लिए हमेंशा कार्य करेंगे। इसके साथ पटवारी संघ की शासन स्तर पर लंबित मांगों के संबंध में क्या, कुछ अच्छा किया जा सकता है इसके लिए समय-समय पर साथी पटवारियों के साथ सामंजस्य बैठाकर कार्य करेंगे।

श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा की तैयारियां पूर्ण

मंदसौर। संत शिरोमणि रविदास जी की 650 वी जन्म जयंती के अवसर पर राज्य शासन के निर्देश अनुसार मंदसौर जिले में भी श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा के आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिला पंचायत सभा कक्ष में बुधवार को आयोजित बैठक में विचार विमर्श कर यात्रा आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया, यात्रा की रूपरेखा तय की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, जिला योजना समिति के सदस्य राजेश दीक्षित, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, जिला संयोजक जनजातीय विभाग अंगूर बाला भगोरा, महिला बाल विकास अधिकारी अंकिता पंड्या, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष राम अटेला, शिवराज सिंह राणा, विजय सुराणा, महेश जूनवाल, श्री विनय दुबेला, श्री जीवन शर्मा , अंकित सोनी आदि उपस्थित थे। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जिले में यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागो के अधिकारियों को दायित्व सौंप कर निर्देशित किया है। जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित बैठक में बताया गया है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम 20 अगस्त को मंदसौर में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरीयम में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होगा जहां कलश वंदन तथा सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसके बाद पावन कलश, कलश रथ में स्थानीय रविदास मंदिर तथा ग्राम स्तर तक ले जाया जाएगा। यात्रा के अंतर्गत 20 अगस्त से 10 सितंबर तक कलश रथ यात्रा आयोजित की जाएगी।

बारिश में बिना सूचना पूरे गांव की बिजली काटी, सड़क पर उतरे ग्रामीण

अधिकारी बोले- किसानों पर 15 लाख बकाया, सरपंच बोलीं- डेंगू-मलेरिया हुआ तो जवाबदार कौन होगा?



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र की पान्दा पंचायत के बावली गांव में सोमवार शाम बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार बिजली विभाग ने शाम करीब 5 बजे बिना किसी पूर्व सूचना के पूरे गांव की बिजली सप्लाई बंद कर दी। बारिश के बीच देर शाम तक बिजली बहाल नहीं होने पर ग्रामीणों ने एमपीईबी कार्यालय से जानकारी ली। वहां उन्हें बताया गया कि बिजली बिल की राशि बकाया होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण गांव के बाहर मुख्य सड़क पर एकत्रित हो गए और धरना देकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने मांग की कि घरेलू और कृषि फीडर को अलग-अलग किया जाए, ताकि कृषि कनेक्शन की बकाया राशि के कारण पूरे गांव की घरेलू बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। एमपीईबी के जेई रविकुमार बडोले के अनुसार बावली गांव के किसानों पर करीब 15 लाख रुपए बिजली बिल की राशि बकाया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मार्च माह में किसानों ने करीब 40 हजार रुपए की राशि जमा भी की थी। ग्रामीणों ने बारिश के मौसम में इस तरह पूरे गांव की बिजली काटे जाने को अनुचित बताया।

350 रुपए का मोबाइल रिचार्ज हो सकता है तो 100-120 रुपए का बिल भी जमा होगा

गांव की सरपंच निर्मला दीपसिंह सोनगरा ने आरोप लगाया कि बिजली कटौती से पहले ग्रामीणों को कोई सूचना नहीं दी गई। उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारियों पर भी लापरवाही के आरोप लगाए। सरपंच ने कहा कि कर्मचारी समय पर बिल लेने गांव नहीं आते और बिजली लाइन में खराबी होने पर भी शिकायत के बावजूद समय पर नहीं पहुंचते। उन्होंने कहा कि आम आदमी 350 रुपए महीने का मोबाइल रिचार्ज कर सकता है तो 100-120 रुपए का बिजली बिल भी जमा करेगा, लेकिन विभाग को अपनी व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। सरपंच ने बारिश के मौसम में गांव में मच्छरों से डेंगू-मलेरिया का खतरा होने की बात कहते हुए कहा कि ऐसे समय बिजली कटौती से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बिजली बहाल करने तथा घरेलू फीडर को कृषि फीडर से अलग करने की मांग की है।

मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई। धरना और जाम में लखनसिंह, पवन, कमल, आत्माराम, अनिल, शुभम, सुनील, चैन सिंह, अंकित, बनवारी, विजय सिंह, रामबाबू, बबलू, दिनेश, पंकज, सचिन, रोहित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा शामिल रहे।

आरटीओ ने काटे 15 वाहनों के चालान, तीन जब्त किए

चेकिंग के दौरान 67 हजार से अधिक के चालान बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार को आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने कुरवाई में स्कूली बसों और यात्रियों बसों सहित अन्य वाहनों की जांच की।

जांच के दौरान 15 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। इनमें से 12 वाहनों से 45 हजार 500 रुपए जुर्माना और 21 हजार 657 रुपए मोटरयान कर वसूला गया। वहीं 3 वाहनों को जब्त कर कुरवाई थाने में खड़ा कराया गया है। परिवहन विभाग की टीम ने सांदीपनी विद्यालय कुरवाई पहुंचकर परिसर में खड़ी 10 स्कूल बसों की जांच की। बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों और निर्धारित तकनीकी एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया गया। यात्री बसों की भी जांच की गई।

विद्यार्थियों को 50% किराया छूट मिली

कुरवाई में आयोजित बैठक में विदिशा जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि जिले के सभी यात्री बस संचालक स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को यात्री किराए में 50 प्रतिशत की छूट देंगे। बैठक में अपर कलेक्टर, जिला परिवहन अधिकारी, एसडीएम कुरवाई तथा एसोसिएशन अध्यक्ष महेश सिंघल सहित बस संचालक मौजूद रहे। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने कहा कि वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। विशेष रूप से स्कूल एवं यात्री बसों में सुरक्षा मानकों के पालन की लगातार निगरानी की जाएगी।

मंदसौर की बहनों को 45 करोड़ से अधिक राशि मिली

मंदसौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के मेहर जिले से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की बहनों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत 39 वीं किस्त राशि का अंतरण बैंक खातो में किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा नियमित राशि प्रत्येक बहन को 1500 रुपए तथा रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष सहायता राशि 250 रुपए प्रदान की गई। इस अवसर पर मंदसौर में नगर पालिका सभागार में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला आदि उपस्थित थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि योजना अंतर्गत माह अगस्त के तहत मंदसौर जिले की दो लाख 60 हजार 315 बहनों को कुल 45 करोड़ 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उक्त कार्यक्रम जिले में सभी ग्रामों वार्डो में वेबकास्ट के माध्यम से दिखाया गया।

योजना के अंतर्गत 39 वीं किश्त

सर्वसमाज की सहभागिता से ग्राम जमालपुरा से निकली भव्य कांवड़ यात्रा, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

ग्राम जमालपुरा से पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए एक विशाल एवं भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। सामाजिक सद्भाव और समरसता को ध्यान में रखते हुए इस यात्रा के लिए सर्वसमाज को आमंत्रित किया गया था। आयोजनकर्ताओं ने घर-घर जाकर सभी ग्रामीणों से शामिल होने का आग्रह किया, जिसके परिणामस्वरूप यात्रा में गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गांव के भोलेनाथ मंदिर से शुरू हुई यह कावड़ यात्रा ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन, भव्य आतिशबाजी और अखाड़े के प्रदर्शन के साथ नगर भ्रमण पर निकली। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा इसका जोरदार स्वागत किया गया, जहां अखाड़े के कलाकारों और उस्तादों ने अपने हैरत अंगेज प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया।

यात्रा मार्ग में शिवभक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह फल एवं जलपान का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत जमालपुरा (पंचायत बाड़ी) की ओर से कांवड़ियों को फल वितरित कर उनका सम्मान किया गया। इसके अलावा, माल्या खेड़ी में नारायण भाई की दुकान पर फल वितरण हुआ तथा लालचंद धनगर द्वारा सभी कांवड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए चिप्स के पैकेट बांटे गए।

यात्रा के समापन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद देशी गोरक्षण संवर्धन न्यास के पूर्णकालिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल धनगर ने आयोजन को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने युवाओं और समस्त सनातनी समाज से आपसी मतभेदों को भुलाकर हमेशा एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों या किसी भी अप्रिय घटना के समय सभी को एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहना चाहिए और सामाजिक समरसता को बनाए रखना चाहिए।

खबर संक्षेप

25 अगस्त को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

सीहोर। सावन मास के अंतिम चरण में शहर के सीवन नदी के तट से प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम तक आस्था का सैलाब लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर 11 किलोमीटर की दूरी तय कर भगवान शिव का जलाभिषेक करने धाम पहुंच रहे हैं। आगामी 25 अगस्त को प्रदोष के दिन सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कांवड़ यात्रा को लेकर सीवन नदी के तट पर पूरे सावन माह में विशेष धार्मिक वातावरण बना हुआ है। यहां पूजा-अर्चना की सामग्री, कांवड़ और अन्य धार्मिक सामग्री की दुकानें सजी हुई हैं। जैसे-जैसे 25 अगस्त की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे कांवड़ यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। भव्य कांवड़ यात्रा को लेकर विठलेश सेवा समिति और प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति के पदाधिकारी श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक सेवा स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां कांवड़ यात्रियों के लिए पेयजल, चाय-नाश्ता, फलहारी खिचड़ी और भोजन प्रसादी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पार्किंग, यातायात, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

आवारा मवेशियों के खिलाफ नगर पालिका के अमले ने फिर चलाया अभियान

50 पशुओं को भेजा गौशाला, खुले में पशु छोड़ने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

नगर में नागरिकों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए यह मुहिम शुरू की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में लगातार बढ़ रही आवारा मवेशियों की समस्या और उससे प्रभावित हो रही यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशन में नगर पालिका टीम द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान में 50 गोवंश पकड़े


सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में नागरिकों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए यह मुहिम शुरू की गई है। हाल ही में चलाए गए दो दिवसीय विशेष अभियान के दौरान नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों से लगभग 50 आवारा गोवंश को सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। तत्पश्चात इन सभी मवेशियों को ट्रकों के माध्यम से गोपालपुर स्थित गौशाला में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है।

पूर्व में भी भेजा गया था दास्ताखेड़ी गौशाला

आवारा पशुओं के खिलाफ यह कार्रवाई निरंतर जारी है। इससे पूर्व चलाए गए प्रथम चरण के अभियान के तहत भी नगर पालिका टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए करीब 60 आवारा मवेशियों को पकड़ा था। जिन्हें संत गोविंद जाने के आश्रम दास्ताखेड़ी स्थित गौशाला में ट्रकों के जरिए छुड़वाया गया था। नगर पालिका की इस त्वरित कार्रवाई से शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावड़े में कमी देखने को मिल रही है।

खुले में मवेशी छोड़े तो होगी सख्त कार्रवाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रजापति ने नगरवासियों और विशेष रूप से पशुपालकों से जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी है कि कोई भी पशुपालक अपने मवेशियों को सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर खुला न छोड़ें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसके बावजूद भी मवेशी सड़कों पर आवारा विचरण करते पाए गए, तो उन्हें पकड़कर सीधे गौशाला भेज दिया जाएगा। इसके साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वाले संबंधित पशुपालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त दंडात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका की इस कार्रवाई से वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली है। इस अभियान मे स्वच्छता प्रभारी विनोद सांगते, जमादार पप्पू खरे, दीपक सांगते सहित अन्य सफाई मित्र शामिल रहे।



विकासखंड में रीडिंग वैन बनी जनजागरूकता का माध्यम

पठन संस्कृति से जुड़ने की नई प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले में संचालित रीडिंग कैंपेन 2026 मेरे शब्द, मेरी कहानी के अंतर्गत विकासखंड में चलित पुस्तकालय यानी रीडिंग वैन के जरिए पठन और कहानी वाचन गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल आष्टा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटरी में हुआ।

कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत डालने के साथ शिक्षकों और अभिभावकों के बीच भी पठन संस्कृति को बढ़ावा देना है। आष्टा विकास स्रोत समन्वयक अजब सिंह राजपूत ने बच्चों और शिक्षकों के साथ रीडिंग वैन का अवलोकन किया और अभियान की गतिविधियों की जानकारी ली। श्री राजपूत ने कहा कि रीडिंग कैंपेन 2026 - मेरे शब्द, मेरी कहानी सिर्फ पढ़ने की क्षमता बढ़ाने का अभियान नहीं है। यह बच्चों को सोचने, समझने और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के लिए प्रेरित करने वाला जनआंदोलन है। आष्टा विकासखंड में यह अभियान विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को एक साझा मंच देगा जहां सभी मिलकर सीखने का माहौल बेहतर बना सकेंगे। उन्होंने बताया कि रीडिंग वैन से बच्चों को विविध पुस्तकें मिलेंगी। इससे भाषा दक्षता, रचनात्मकता और ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। शिक्षक कहानी, चर्चा और पठन आधारित गतिविधियों से बच्चों को सीखने के नए अवसर दे सकेंगे। अभिभावकों में भी बच्चों के साथ पढ़ने की जागरूकता बढ़ेगी जिससे घर और स्कूल दोनों जगह सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनेगा।

कार्यक्रम में सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान, कोटरी स्कूल की प्राचार्या एलमडा तिर्की, मिशन अंकुर से एस. स्वर्णकार, जनशिक्षक अके सिंह ठाकुर, गजराज सिंह राजपूत ,ज्ञान सिंह मेवाड़ा, लखन लाल जोमर, सहित विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने कहानी वाचन और पठन गतिविधियों में भाग लिया।

पर्यावरण संरक्षण के लिए डाली गई सीड बॉल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पर्यावरण संरक्षण में सीड बॉल बीज गोला एक बहुत ही सरल, सस्ता और असरदार तरीका है। इसे मिट्टी, खाद और बीजों को मिलाकर बनाया जाता है। बारिश का पानी मिलने पर मिट्टी गल जाती है और बीज अपने आप उग जाता है। इससे बंजर जमीन पर भी आसानी से हरियाली लाई जा सकती है। यह बात ग्राम धबोटी के बाराखंबा स्थाना पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण के दौरान पंचायत के सरपंच ईश्वर सिंह चौहान ने कही। पर्यावरण संरक्षण को लेकर आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं सीपा संस्था के माध्यम से चल रही परियोजना क्लाइमेट स्मार्ट विलेज के कार्यक्रम के तहत बाराखंबा स्थान पर सीट वॉल लगाई गई जिसमें ग्रामीणों ने अपना श्रमदान किया इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत धबोटी सरपंच ईश्वर सिंह चौहान एवं सीपा संस्था से कार्यकर्ता विनोद जावरिया तरुण जाजमे आदि शामिल थे। सीपा संस्था के सुरज वर्मा ने बताया कि जिले में अनेक स्थानों पर ग्रामीण अंचलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

आज होगा पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापनः वैज्ञानिक प्रोफेसर, रिसर्च स्कॉलर व अधिकारी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गांवों में उपलब्ध संसाधनों को समस्या नहीं, बल्कि संभावित अवसर के रूप में देखने की वैज्ञानिक सोच के साथ पिपलिया सलारसी ग्राम पंचायत में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे और चौथे दिन महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं फील्ड प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

18 अगस्त को खेजड़ाखेड़ा में ब्रिकेटिंग एवं प्लास्टिक प्रबंधन, जबकि 19 अगस्त को गुराड़िया मंडा में नदी संरक्षण पर गतिविधियां कराई गईं। एमपी काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से मां हिंगलाज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में वैज्ञानिक, पर्यावरणविद् एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार मालवीय लगातार युवाओं को यह समझा रहे हैं कि विज्ञान और तकनीक का वास्तविक लाभ तभी है, जब उसे स्थानीय संसाधनों, स्थानीय जरूरतों और रोजगार की संभावनाओं से जोड़ा जाए। प्रशिक्षण के तीसरे दिन 18 अगस्त को खेजड़ाखेड़ा में कृषि अवशेषों के उपयोग और प्लास्टिक प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. राजकुमार मालवीय ने ग्रामीणों और युवाओं को बताया कि खेतों से निकलने वाले सूखे कृषि अवशेषों को खुले में जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से उपयोगी उत्पाद में बदला जा सकता है। 20 अगस्त का कार्यक्रम केवल औपचारिक समापन नहीं, बल्कि विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण और ग्रामीण विकास पर विशेष संवाद का अवसर होगा। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रोफेसर, रिसर्च स्कॉलर एवं अधिकारीगण सम्मिलित होंगे। इस दौरान प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण युवाओं और प्रतिभागियों को तकनीक आधारित स्थानीय समाधान, अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रामीण उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण और उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

श्रावणी उपाकर्म पर वेद मंत्र उच्चारित्र कर ब्राह्मण कराएंगे नवीन यज्ञोपवीत धारणः पंडित सुनील शर्मा

सीहोर। श्रावण मास पूर्णिमा को श्रावणी उपाकर्म के पावन अवसर पर विप्रजनों के द्वारा द्वारा वैदिक रीतिरिवाज भारतीय संस्कृति के अनुरूप आत्म शुद्धि एवं ऋषि पूजन का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। पंडित सुनील शर्मा के अनुसार श्रावणी उपाकर्म सनातन परंपरा में विप्र बंधुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व माना गया है। श्रावण पूर्णिमा को विप्रजन वेद मंत्र उच्चारित कर आत्म-शोधन की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। श्रावणी उपाकर्म अपने कर्तव्यों के प्रति पुनः समर्पित होने, स्वाध्याय और ज्ञान-साधना के नए संकल्प को ग्रहण करने का दिव्य पर्व है। पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त को सुबह 9. 11 बजे से प्रारंभ होकर 28 अगस्त को सुबह 9:50 बजे पूर्ण होगी। अनुष्ठान का प्रारंभ हेमाद्रि संकल्प के साथ होगा। भस्म, मिट्टी, सप्त औषधि, पंचगव्य दूध दही घी गोबर गोमूत्र, दूर्वा, कुशा, फल और तीर्थ जल सहित विशेष द्रव्यों से शास्त्रीय दसविधि स्नान किया जाता है । श्रावणी पूर्णिमा पर देव, ऋषि और पितृ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए तर्पण किया जाएगा एवं वेद मंत्र उच्चारित कर शिव परिवार, माता गायत्री, सप्तऋषियों आदि देवी देवताओं का हवन पूजन किया जाएगा। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि विप्र बंधु पुराने यज्ञोपवीत का त्याग कर माता गायत्री का ध्यान कर नवीन यज्ञोपवीत धारण करेंगे।

प्रस्फुटन समिति ने किया पौधरोपण



जावर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत जावर नगर विकास प्रस्फुटन समिति जावर और प्रभात फेरी मंडल जावर के दुवारा श्री साईं पब्लिक स्कुल जावर में और कृष्ण मंदिर जावर में पोधा रोपण किया गया। जिसमे अनार, आम और बेलपत्र के पौधे लगाया गए। समिति ने आवाहन किया की सभी मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और लगाने और और उन का संरक्षण भी करे ताकि वहां पेड़ बन सके समिति हर वर्ष और समय समय पर पेड़ लगाती हे और लोगो को भी प्रेरित करती है। पोधे लगाते समय समिति के राजपाल सिंह,जगदीश माहेश्वरी, यशवंत ठाकुर ,जितेन्द्र विश्वकर्मा, सोवाल सिंह, दिलीप खत्री, मुकेस सराया, अरविंद सिंह, सुरेश शर्मा, छतर सिंह, कुमेर सिंह, प्रतीक सोनी आदि उपस्थित थे।

जंगल में पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सागौन के एक हजार पेड़ों की हत्या कर दी गई। जंगल को समतल करने के लिए घटना को अंजाम दिया गया। पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलने और जंगल भूमि पर अतिक्रमण से दुखी डाबरी गांव के ग्रामीण मंगलवार को बैनर पोस्टरो के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच गए। कलेक्ट्रेट में ग्रामीणों ने नारेबाजी की और पेड़ों के हत्यारे अतिक्रमण कर्ताओं को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग प्रशासनिक अधिकारियों से की। ग्राम वासियों ने डिप्टी कलेक्टर गिरिराज परिहार कलेक्टर का नाम का ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि वन विकास की चौकी के पास खुलेआम सब कुछ हुआ। एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री का आह्वान और नर्मदा किनारे लाखों पेड़ लगाने वाले केंद्रीय कृषि मंत्री का सपना भी चूर-चूर हो गया। वनो के विकास के लिए सरकार द्वारा बनाया गया वन विकास निगम ही वनों का विनाशक बन गया। वनप्रेमी ग्राम वासियों ने वन कटाई पर तत्तकाल रोक लगाने और पचास एकड़ से अधिक जंगल को काटकर धरती को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों और जंगल कटाई में और उपयोग के साथ-साथ कट करने वाले वन विकास निगम के अधिकारियों कर्मचारियों पर आपराधिक मुकदमा दर्जकर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सुनील मीणा, सोपानसिंह, श्रीकिशन,बाबूलाल जाट,सुनील मीना, लखनलाल गौरीशंकर, राम लाल, मीना,अम्बाराम, तेजराम, ओम सिंह, मुकेश,ज्वारीलाल,पदम सिंह, नंदराम, मोहन सिंह, लखनलाल, मुकेश, साहूलाल, सतीश, फूलसिंह सुरेश, थान सिंह, प्रीतम, ललित राय, शेरसिंह, जसमत सिंह, परवेज,जमशेद भेड, लक्ष्मीनाराय, मनोराम, साबिर सहित ग्रामवासी शामिल रहे।

डाक कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे शिवभक्त, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

दौड़ते हुए पहुंचे कांवड़िए, बारिश-धूप भी नहीं रोक सकी भक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन मास में शहर के सीवन नदी तट से लेकर प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम तक इन दिनों शिवभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में शिवभक्त डाक कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। नर्मदापुरम से पवित्र जल लेकर निकले युवा कांवड़िए तेज गति से दौड़ते हुए धाम पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। डाक कांवड़ यात्रा के दौरान रास्तेभर हर-हर महादेव, बम-बम भोले, जय भोलेनाथ और श्री शिवाय नमस्तुभ्यं के जयकारे गूंजते रहे। भगवा वस्त्रों में दौड़ते हुए कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बारिश, धूप और लंबी दूरी की थकान भी शिवभक्तों के कदम नहीं रोक सकी। नर्मदापुरम से कुबेरेश्वरधाम तक डाक कांवड़ लेकर पहुंचे युवाओं का जगह-जगह लोगों ने उत्साह बढ़ाया। कांवड़ियों के धाम पहुंचने पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। धाम पहुंचकर कांवड़ियों ने धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान शिव का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सड़कों पर दौड़ते हुए डाक कांवड़ियों का दृश्य श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। हजारों शिवभक्तों के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय नजर आया। इससे पहले देर शाम कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य कांवड़ यात्रा भी निकाली गई। यात्रा में इंदौर का प्रसिद्ध श्याम बैंड-बाजा और आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। भक्ति गीतों और भगवान शिव के जयकारों के बीच श्रद्धालु उत्साह से यात्रा में शामिल हुए। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था के चलते युवा पूरे उत्साह के साथ डाक कांवड़ यात्रा पूरी कर रहे हैं। धाम पर पहुंचने के बाद कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि सावन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में शिवभक्त कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं और सेवा कार्यों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी निराश नहीं होता। भोलेनाथ अपने प्रत्येक भक्त की पुकार सुनते हैं। शिव भक्ति में इतनी शक्ति है कि वह मनुष्य के जीवन की दिशा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव पर अटूट विश्वास रखते हुए नियमित रूप से उनकी आराधना करनी चाहिए। शिव भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के विचार, व्यवहार और कर्मों को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम भी है। पंडित राघव मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव की भक्ति व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। सच्ची श्रद्धा, नियम और विश्वास के साथ शिव आराधना करने से मनुष्य को नई ऊर्जा मिलती है और वह जीवन में बेहतर मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होता है।

जाटव समाज ने दिव्यांश का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पार्षद देवेन्द्र अहिरवार के पुत्र ने यूपीएससी भारतीय वन सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय रेंक में 127 अंक प्राप्त कर चयनित होने पर जाटव समाज संगठन के द्वारा संत शिरोमणी रविदास मंदिर में होनहार छात्र दिव्यांश अहिरवार का सम्मान किया। कार्यक्रम स्थल पर डॉ.राजकुमार अहिरवार, नरेन्द्र खंगराले, देवेन्द्र अहिरवार, पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, जाअव समाज अध्यक्ष मनोज फरेला, महामंत्री सन्नी जाटव, नरेन्द्र बनवैया, अंजु अहिरवार, चरण खंगराले, दीपक दरोठिया, सचिन महोबिया, सुधीर आर्य, रवि मैचन, अभय अहिरवार, राहुल जाटव, कपिल पुरविया, हितेन्द्र कचनेरिया, जितेन्द्र आर्य, राहुल आर्य, उमेश मंगरोलिया, टीटु कचनेरिया, शशांक धिमान, नरेन्द्र सिमोलिया, अंकित जाटव, हेमंत आर्य, रूपेश जाटव आदि रहे मौजूद।